जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 60 | अंक-2 | जयपुर, सोमवार, 8 जनवरी, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## राजस्थान में भजनलाल सरकार के मंत्रियों के बीच हुआ विभागों का वितरण

### गृह विभाग सीएम के पास, दिया वित्त-पीडब्ल्यूडी, बैरवा परिवहन, किरोड़ी कृषि, राठौड़ खेल उद्योग मंत्री




**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान में भजनलाल सरकार के मंत्रियों के बीच विभाग वितरण हो गया है । इसमें संतुलन बनाते हुए हर मंत्री को कम महत्व वाले भागों के साथ बड़े विभाग का जिम्मा भी सौंपा गया है । कुछ परिपाटीयां भी तोड़ी गई हैं। जैसे 20 साल बाद पहली बार बजट भाषण सीएम नहीं पढेंगे, क्योंकि वित्त विभाग सीएम ने नहीं रखा है । सीएम ने आठ विभाग रखे हैं। गृह विभाग सीएम के पास रहेगा । पहली बार सीएम के विभागों में एसीबी का जिक्र अलग से किया गया है ।



**भजनलाल शर्मा (सीएम)**
1. कार्मिक विभाग
2. आबकारी विभाग
3. गृह विभाग
4. आयोजना विभाग
5. सामान्य प्रशासन विभाग
6. नीति निर्धारण प्रकोष्ठ-मुख्यमंत्री सचिवालय
7. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग
8. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी)



**दीया कुमारी (डिप्टी सीएम)**
1. वित्त विभाग
2. पर्यटन विभाग
3. कला, साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व विभाग
4. सार्वजनिक निर्माण विभाग
5. महिला एवं बाल विकास विभाग
6. बाल अधिकारिता विभाग



**डॉ. प्रेमचंद बैरवा (डिप्टी सीएम)**
1. तकनीकी शिक्षा विभाग
2. उच्च शिक्षा विभाग
3. आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी (आयुष) विभाग
4. परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग

### कैबिनेट मंत्रीयों को सौंपा इन विभागों को जिम्मा



**किरोड़ीलाल मीणा**
1. कृषि एवं उद्यानिकी विभाग
2. ग्रामीण विकास विभाग
3. आपदा प्रबंधन, सहायता, नागरिक सुरक्षा
4. जन अभियोग निराकरण विभाग



**गजेंद्र सिंह खींवसर**
1. चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग
2. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं (ESI)



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़**
1. उद्योग एवं वाणिज्य विभाग
2. सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग
3. युवा मामले और खेल विभाग
4. कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग
5. सैनिक कल्याण विभाग



**मदन दिलावर**
1. विद्यालयी शिक्षा विभाग (स्कूल एजुकेशन)
2. पंचायती राज्य विभाग
3. संस्कृत शिक्षा विभाग



**कन्हैयालाल चौधरी**
1. जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी
2. भूजल विभाग



**जोगाराम पटेल**
1. संसदीय कार्य विभाग
2. विधि एवं विधिक कार्य विभाग और विधि परामर्शी कार्यालय
3. न्याय विभाग



**सुरेश सिंह रावत**
1. जल संसाधन विभाग
2. जल संसाधन (आयोजना) विभाग



**अविनाश गहलोत**
1. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग



**सुमित गोदारा**
1. खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग
2. उपभोक्ता मामले विभाग



**जोराराम कुमावत**
1. पशुपालन एवं डेयरी विभाग
2. गोपालन विभाग
3. देवस्थान विभाग



**बाबूलाल खराड़ी**
1. जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग
2. गृह रक्षा विभाग



**हेमंत मीणा**
1. राजस्व विभाग
2. उपनिवेशन विभाग



**सुरेंद्र पाल सिंह टीटी**
कृषि विपणन विभाग, कृषि सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता विभाग, इंदिरा गांधी नहर विभाग, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग



**संजय शर्मा**
वन विभाग, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग



**गौतम कुमार**
सहकारिता विभाग
नागरिक उद्यान विभाग



**झाबर सिंह खर्रा**
नगरीय विकास विभाग
स्वायत शासन विभाग



**हीरालाल नागर**
ऊर्जा विभाग



**ओटाराम देवासी**
पंचायती राज विभाग,
ग्रामीण विकास विभाग,
आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग।



**डॉ. मंजू बाघमार**
सार्वजनिक निर्माण विभाग,
महिला एवं बाल विकास विभाग,
बाल अधिकारिता विभाग



**विजय सिंह चौधरी**
राजस्व विभाग, उपनिवेशन विभाग,
सैनिक कल्याण विभाग



**कृष्ण कुमार के के बिश्नोई**
उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, युवा मामले और खेल विभाग, कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, नीति निर्धारण विभाग



**जोरावर सिंह बेढम**
गृह विभाग, गोपालन विभाग,
पशुपालन एवं डेयरी विभाग,
मत्स्य विभाग

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित लाभार्थियों की होगी जनाधार मैपिंग,जाने पूरी प्रक्रिया

**जयपुर (हमारा वतन)।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना) के तहत लाभ रहे सभी लाभार्थियों की राशनकार्ड की जनाधार मैपिंग की जाएगी। उचित मूल्य दुकानदार के माध्यम से जनाधार मैपिंग की जाएगी। जिसके तहत राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य को जन आधार कार्ड से जुड़वाना अनिवार्य है। उज्ज्वला योजना के लाभ के लिए भी जनाधार मैपिंग करवाना अनिवार्य है।जिला रसद अधिकारी डॉ. अनुराधा गोगिया ने बताया कि जिन लाभार्थियों की वर्तमान में जनाधार के साथ राशन कार्ड की मैपिंग नहीं है इसके लिए उचित मूल्य दुकानदारों को निर्देशित किया गया है कि खाद्यान्न का वितरण करते समय लाभार्थी से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर शेष सदस्यों के दस्तावेज प्राप्त कर मैपिंग सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में कुल 619979 राशन कार्ड में 54722 सदस्य जनाधार से मैप नहीं है। जिन सदस्यों के राशन कार्ड जनाधार से मैपिंग नहीं होने की सूची उचित मूल्य दुकानदार के मोबाइल में एससीएम लॉगिन पर उपलब्ध करवा दी गई है।



डीएसओ डॉ. अनुराधा गोगिया ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना के तहत ऐसे राशन कार्ड जिनमें मुखिया या किसी सदस्य की मृत्यु हो गई ऐसे राशन कार्ड में से मृतक सदस्य का नाम कटवा ले यदि मृतक सदस्य मुखिया है तो उसके स्थान पर राशन कार्ड में दर्ज अन्य सदस्य को मुखिया बनाएं उक्त कार्य ई मित्र के माध्यम से करवाया जाना है जिन लाभार्थियों का नाम डिलीट (मृत्यु/पलायन/अन्य कारण से) हो गया है। उनकी सूची राशन डीलर को उपलब्ध करा दी गई है। उन सभी राशन कार्डों को ईमित्र के माध्यम से संशोधित कर नया मुखिया बनाया जाना है।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर

Khadi India

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी, 2023-24**

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर
(राजस्थान की प्रमाणित खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थाओं का मध्यवर्ती संगठन)

प्रवेश निःशुल्क

5 दिसंबर 2023 से प्रारंभ
समय दोपहर 12 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक

पार्किंग निःशुल्क

प्रांतीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50% की छूट

25% की छूट परप्रांतीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर

प्रदर्शनी स्थल: राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ बजाज नगर, गांधीनगर रेलवे स्टेशन के सामने, जयपुर

(खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार, द्वारा प्रसारित)

# कारागार मंत्री ने बंदियों को वितरित किए कम्बल और हनुमान चालीसा



**लखनऊ (हमारा वतन)।** उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने लखनऊ जिला जेल में निरूद्ध ऐसे बन्दी जिनसे मिलने उनके परिजन लंबे समय से नहीं आ रहे हैं, उनको कम्बल एवं गर्म इनर वितरित किये। उन्होंने 30 बंदियों को कम्बल एवं 100 बंदियों को गर्म इनर दिया।

न्यूज ऑफ़ इंडिया (एजेन्सी) के अनुसार बंदियों को 150 हनुमान चालीसा एवं 150 सुन्दरकाण्ड की पुस्तकें भी वितरित की। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकाण्ड की पुस्तकें वितरित करने का उद्देश्य आपकों बेवजह की मुकदमों की चर्चा से दूर रखना है। खाली समय में आप अपने पसंद की पुस्तकों को पढ़े, इससे आपकी सोच में परिवर्तन आयेगा और यहां से बाहर निकलने के पश्चात आप क्राइम से दूर रहेंगे।

कारागार मंत्री ने कहा कि आप आवेश में छोटी मोटी गलतियां कर बैठते हैं जिससे आपको जेलों में आना पड़ जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माता-पिता का सपना होता है कि उसका बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़ लिखकर एक अच्छा नागरिक बने एवं परिवार के भरण-पोषण में अपना योगदान दे। इसके लिए माता-पिता अपनी छोटी-मोटी खुशियों और इच्छाओं पर अंकुश लगाते हुए आपकी पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था करते हैं। लेकिन जेलों में संवाद के दौरान पता चला कि 40 वर्ष से कम आयु के 80 प्रतिशत युवा जेल में हैं। जिस घर का भविष्य जेल में हो, उस घर की क्या हालत होती होगी, आप स्वयं विचार कर सकते हैं। माँ बाप की सेवा करने के समय, अपने घर परिवार को समय के साथ आगे ले जाने के समय आप जेलों में हैं, यह अत्यन्त दुखदायी है। आपकी एक गलती पत्नी, भाई, बहन, बेटी, माँ, बाप सबका सपना एवं कैरियर बर्बाद कर देती है। बेटी की अच्छे घर में रिश्ता नहीं हो पाता। कारागार मंत्री ने हाल में मौजूद सभी बंदियों से संकल्प कराया कि आप भविष्य में जेलों से बाहर जाने के पश्चात ऐसी गलती दोबारा नहीं करेंगे, जिससे आपको जेलों में पुनः आना पड़े। उन्होंने कहा कि इतनी ठंड में और खराब मौसम के बावजूद आप लोगों के बीच में उपस्थित हुआ हूँ, इसमें मेरा क्या स्वार्थ है। इस पर बंदियों ने जवाब दिया कि मंत्री जी आपमें इंसानियत है और इंसानियत के नाते ही आप हमारे बीच में आये हैं। हम सभी आपको आश्वस्त करते हैं कि दोबारा हम गलती नहीं करेंगे। कारागार मंत्री ने एक सुझाव देते हुए कहा कि जेलों में पेशेवर कैदी भी रहते हैं। ऐसे अपराधियों से खुद को दूर रखें, क्योंकि वे आपसे छोटे मोटे अपराध की जगह बड़े अपराध करने के लिए प्रलोभन दे सकते हैं।



## ब्राह्मण समाज राजस्थान के षष्टम उपनयन संस्कार के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान के तत्वावधान में जयपुर जिला देहात के द्वारा 21 जनवरी 2024 को कागलिया वाले बालाजी मंदिर, मोरिजा रोड चौमूं में आयोजित होने वाले षष्टम उपनयन (यज्ञोपवीत) संस्कार के पोस्टर का विमोचन श्री श्री 108 गिरधारी दास महाराज ने किया। इस दौरान श्री श्री 108 गिरधारी दास महाराज ने कहा कि समाज में ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एव बौद्धिक विकास होता है तथा समाज में विलुप्त होती जा रही वैदिक संस्कृति को बचाने के लिए ऐसे आयोजन अति आवश्यक है । इस दौरान जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा, गोविंदगढ़ ब्लॉक प्रभारी कैप्टन श्रीराम शर्मा, जिला मंत्री ओमप्रकाश रीडर,भगवान सहाय पटेल, हनुमान सहाय पलसाला, गोपाल कोठोतिया, उपसरपंच मातादिन, मदन नरनोलिया, जगदीश बंदावला, छोटेलाल मेहरवाल, बबलू मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे ।

## महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान जयपुर में आयोजित हुआ शिक्षिका सम्मान समारोह

**जयपुर (हमारा वतन)।** माता सावित्री बाई फुले की 193 वीं जयंती पर पर महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान, जयपुर में शिक्षिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुनीता गहलोत धर्मपत्नि अशोक गहलोत (पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान) विशिष्ठ अतिथि रश्मि सैनी चैयरमेर नगर निगम, जयपुर, ममता परिहार, छोटी देवी कच्छावाह, ऐश्वर्या सांखला रहे। संस्थान के महामंत्री पूनमचन्द कच्छावाह ने बताया कि सर्वप्रथम सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की एवं सावित्री बाई फुले के जीवन पर नाटय प्रस्तुत कर उनके जीवन के बारे में




बताया गया एवं शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। संस्थान के अध्यक्ष अनुभव चन्देल ने सावित्री बाई फुले की जयंती के शुभ अवसर पर ''शिक्षिका सम्मान समारोह' कार्यक्रम का आयोजन कर समाज में आगे बढने की प्रेरणा दी। उक्त कार्यक्रम का संचालन धीरज सांखला कार्यक्रम संयोजक ने किया। जयपुर संभाग अध्यक्ष डॉ. तनु सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मांगीलाल पंवार पूर्व अध्यक्ष, रामलाल कच्छावाह संरक्षक, भगवान सहाय सैनी पूर्व विधायक, सुनील परिहार निदेशक रिको, बी. एल. मालाकार, ओंकारमल सैनी, हनुमान प्रसाद सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष, सुरेश सैनी (रेल्वे) कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं अन्य समाज के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में उमड़ी ग्राहकों की भीड़, खादी वस्त्रों पर मिल रही 50 प्रतिशत की बम्पर छूट



जयपुर (हमारा वतन) बजाज नगर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर द्वारा लगाई गयी खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2023-24 ग्राहकों को लुभा रही है । सर्दी बढ़ते ही खादी के उत्पादों को खरीदने के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। खादी हानिकारक रसायन रहित और पर्यावरण हितैषी वस्त्र है। साथ ही खादी आत्मनिर्भर भारत की और एक बढ़ता कदम भी है। खादी अब युवाओं को रास आ रही है और देश के साथ विदेशों में भी लोकप्रियता बटोर रही है। इन प्रदर्शनियों से न केवल उत्पादकों को बाजार मिलता है, वहीं उपभोक्ताओं को भी अच्छे उत्पाद के चयन में आसानी होती है। भारत सरकार कतिन, बुनकर व खादी से जुड़े हर हाथ को सुदृढ़ बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार की मंशा खादी की लोकप्रियता बढ़ाने व आमजन तक इसकी पहुंच सुलभ करने की है। राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ के मंत्री एवं खादी प्रदर्शनी के संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि 5 दिसंबर से प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी 13 जनवरी 2024 तक संचालित की जाएगी। यह प्रदर्शनी पिछले 13 वर्षों से निरंतर लगाई जा रही है। इस प्रदर्शनी में कुल 175 स्टाल लगाई जा रही हैं, जिनमें से 115 स्टॉल खादी व 60 स्टॉल ग्रामोद्योग उत्पाद की हैं। राजस्थान में उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत और पर प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत की छूट ग्राहकों को मिल रही है।



## वीर शिरोमणि नाथाजी स्मृति समारोह का हुआ आयोजन

**चौमूं (हमारा वतन)।** ईटावा भौपजी के संज्या सती माता मंदिर प्रांगण में श्री राजपूत सभा चौमूं के तत्वावधान में वीर शिरोमणि नाथाजी स्मृति समारोह का आयोजन हुआ । समारोह की शुरुआत पंडित गोपाल शर्मा व कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने विधिवत पूजा अर्चना कर की । रघुवीर सिंह लोहरवाड़ा ने नाथाजी की जीवनी पर प्रकाश डाला। अंजलि नाथावत ने समाज को शिक्षित, एक होने व दहेज मुक्त होने पर जोर दिया । इस मौके पर श्री राजपूत सभा चौमूं अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ईटावा, महिला मोर्चा अध्यक्ष अजय श्री राठौड़, धोबलाई उपसरपंच शायर सिंह शेखावत, मनजीत सिंह राठौड़, शिवराज सिंह नांगल, प्रहलाद सिंह लोहरवाड़ा, भारत सिंह लोहरवाड़ा ,विजय सिंह टाकरडा, रक्षित राठौड़, आयुषी नाथावत, अनुष्का नाथावत, भंवर सिंह उदयपुरिया, पुष्पेंद्र सिंह उदयपुरिया, युवराज सिंह देवपुरा, अजीत सिंह बिहारीपुरा, मोहित सिंह देवपुरा, जितेंद्र सिंह ईटावा, नवदीप सिंह ईटावा, अजय पारीक, गोपाल बजाज, बाबूलाल दूत, अरूण पटवारी सहित अनेक सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे ।

## पंडित रविन्द्राचार्य ने किया सागर गोस्वामी महाराज का स्वागत सम्मान



**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने श्रीमद् भक्ति वेदांत सागर गोस्वामी महाराज द्वारा जयपुर कार्यालय में पधारने पर स्वागत सम्मान किया । महाराज ने आशीर्वाद दिया और गोड़िया मठ मंदिर राधा कृष्ण, बलराम मंदिर में आने का निमंत्रण दिया। आचार्य ने सागर गोस्वामी महाराज को शॉल भेंट कर, स्वयं लिखित पुस्तक सार संग्रह ज्योतिष भेंट की । इस दौरान भीम सोनी, नेहा सोनी, संभव सोनी,मुकेश पाराशर, सुमित बंसल ,राहुल आचार्य आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# पीएम मोदी के सामने सीएम भजनलाल का एक और फैसला,इंदिरा रसोई होगी अब अन्नपूर्णा रसोई

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेशवासियों को जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उनका जीवन स्तर ऊपर उठा है एवं उनके सुनहरे भविष्य का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इन योजनाओं में हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है। 'सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास' को चरितार्थ करती यह योजनाएं राज्य में प्रभावी रूप से लागू कर प्रदेशवासियों को लाभान्वित किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्दिरा रसोई योजना का नाम अब अन्नपूर्णा रसोई होगा। इन्दिरा रसोई की समीक्षा कर इसमें निहित सभी खामियों को दूर कर नव योजना के तहत प्रदेश में आमजन को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाना हमारा ध्येय है। इस योजना की समीक्षा में कई कमियां पाई गई। वर्तमान मैन्यू में भोजन की मात्रा लगभग 450 ग्राम है जो पर्याप्त नहीं है। साथ ही, ऐसी जगहों पर रसोई संचालित की जा रही है जहां इनकी उपयुक्तता नहीं है। इसके अतिरिक्त मॉनिटरिंग हेतु स्थायी स्टाफ का अभाव है जिससे इसके निरीक्षण में कठिनाई होती है। उन्होंने कहा कि रसाईयों में पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक भोजन का प्रावधान किया जाएगा। साथ ही, इनके संचालन हेतु उपयुक्त स्थान का प्रावधान किया जाएगा। प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु उचित व्यवस्थाएं की जाएंगी जिससे अधिक से अधिक लोगों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाया जा सके। गत योजना के अंतर्गत संचालित रसोईयों की संख्या की आवश्यकता का परीक्षण करवाकर पुनर्निर्धारण किया जाएगा।

## जॉब्स-

1. उत्तर प्रदेश पुलिस, पद कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामर, पद संख्या 985, अंतिम तिथि 28 जनवरी 2024
2. उत्तर प्रदेश पुलिस, पद एसआई एएसआई, पद संख्या 921, अंतिम तिथि 28 जनवरी 2024
3. डीएसएसएसबी, पद एलडीसी, स्टेनोग्राफर, जूनियर असिस्टेंट व अन्य, पद संख्या 2354, अंतिम तिथि 7 फरवरी 2024
4. पटना हाई कोर्ट बिहार, पद जिला जज, पद संख्या 30, अंतिम तिथि 20 जनवरी 2024
5. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद विधि रचनाकार, पद संख्या 9, अंतिम तिथि 4 फरवरी 2024
6. डीएसएसएसबी, पद सेक्शन ऑफिसर हॉर्टिकल्चर, पद संख्या 108, अंतिम तिथि 7 फरवरी
7. यूपीपीएससी, पद सिविल सर्विसेज, पद संख्या 220, अंतिम तिथि 29 जनवरी 2024
8. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, पद नर्सिंग ऑफिसर व अन्य, पद संख्या 247, अंतिम तिथि 22 जनवरी 2024




## पलक तिवारी ने आखिर ऐसा क्या किया जो ऑरी ने दिखाई मिडिल फिंगर, बोले- मैंने इतनी बकवास...

श्वेता तिवारी की बेटी पलक और ऑरी के बीच के बवाल को फिर हवा मिल गई है। मंगलवार को ऑरी का चैट स्क्रीनशॉट सुर्खियों में था। इसमें पलक तिवारी ने माफी मांगी थी और ऑरी ने उन्हें मिडिल फिंगर दिखाई थी। चैट में इब्राहिम की बहन सारा अली खान का नाम भी था। स्क्रीनशॉट वायरल होते ही लोग ऑरी को क्रिटिसाइज करने लगे। अब ऑरी ने जवाब दिया है कि लोग यह क्यों नहीं पूछ रहे थे कि आखिरकार पलक ने ऐसा क्या बोला था कि उन्हें माफी मांगनी पड़ी। ऑरी ने लिखा है कि पलक ने कुछ इतना



गलत बोला है कि इतनी फालतू बात उन्होंने पहले कभी नहीं सुनी थी। ध्यान दिला दें कि पलक और इब्राहिम की डेटिंग के किस्से भी चर्चा में हैं।

**माफी पर मिडिल फिंगर**-पैप्स के फेवरिट और स्टारकिड्स के कॉमन फ्रेंड ओरहान यानी ऑरी पलक तिवारी से नाराज हैं। उनकी नाराजगी इतनी ज्यादा बढ़ गई कि पर्सनल चैट का स्क्रीनशॉट उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर लगाकर पलक को टैग कर दिया। चैट में पलक ने ऑरी देर रात 3 बजे के बाद माफी मांगी थी। ऑरी ने उन्हें मिडिल फिंगर दिखा दी थी। अपनी हरकत पर ट्रोल होने के बाद ऑरी ने Reddit पर पोस्ट किया है कि लोग ये क्यों नहीं पूछ रहे कि पलक की गलती क्या थी।

**क्यों की पब्लिक शेमिंग**-एक यूजर ने लिखा था क्यों ऑरी, पब्लिश शेमिंग क्यों की? ऑरी ने जवाब दिया है, कोई यह क्यों नहीं पूछ रहा है कि वह किस बात की माफी मांग रही थी? इस बारे में सोचो। तुम लोग मुझे इस बात पर घेर रहे हो कि मैंने खुश होकर उसकी माफी स्वीकार क्यों नहीं कर ली? लेकिन असल में वह माफी इसलिए मांग रही थी क्योंकि उसने कुछ ऐसा किया था जो गलत था। इतना गलत कि थर्ड पार्टी को इन्वॉल्व होना पड़ा और सही चीज समझानी पड़ी।

## अयोध्या में भगवान राम के साथ नहीं होगी सीताजी की मूर्ति, रामायण की सीता ने बोलीं- पीएम दें दखल



अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी, जिसे लेकर सेलेब्स भी खुश है। इस खास दिन पर कई सेलेब्स के वहां जाने की खबर सामने आई है, जिनमें से एक हैं दीपिका चिखलिया। दीपिका मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का न्योता मिलने से खुश हैं पर उन्हें एक बात का मलाल है। उन्होंने कहा कि मुझे पता चला है कि राम की जो मूर्ति लगेगी उसमें उनके साथ सीता नहीं होंगी। दीपिका ने प्रधानमंत्री से अपील की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर ध्यान दें।दीपिका ने आज तक से बात करते हुए कहा, मैं काफी खुश हूं क्योंकि 500 साल बाद राम भगवान अयोध्या आ रहे हैं। इसके साथ ही मैं काफी इमोशनल भी हूं क्योंकि मैं रामभक्त हूं। मैंने रामायण शो में भी सीता का किरदार निभाया था। इस दिन का हर भारतीय काफी समय से इंतजार कर रहा था।

**इन्विटेशन मिलने पर खुश**-दीपिका ने आगे कहा, मुझे आरएसएस के ऑफिस से कॉल आया और उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया आपको सीता जी के नाम से जानती हैं तो हम चाहते हैं कि आप वहां जरूर आएं। मैंने उनसे पूछा कि क्या आप मुझे सीता मानते हैं तो उन्होंने कहा हां।

**इस वजह से परेशान दीपिका**-दीपिका ने कहा कि मंदिर में सीता माता की मूर्ति नहीं होगी, यह दुखी करने वाला है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि राम भगवान की मूर्ति के साथ हमेशा सीता माता की मूर्ति होनी चाहिए, लेकिन यहां ऐसा नहीं है।

## अनुपमा से रुपाली गांगुली को हटा रहे हैं मेकर्स? सोशल मीडिया पर इस पोस्ट ने मचाई हलचल

टीवी सीरियल अनुपमा में पिछले कुछ वक्त के भीतर कई एक्टर्स को हटाया गया है और कई को रिप्लेस किया गया है। टीआरपी लिस्ट में लंबे वक्त से पहले पायदान पर बने हुए इस सीरियल से पहले समर का किरदार निभाने वाले एक्टर पारस कलनावत को हटाया और फिर रिप्लेस करके लाए गए एक्टर सागर पारेख के साथ इस किरदार की ही छुट्टी कर दी गई। लेकिन अगर कोई कहे कि मेकर्स अनुपमा का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस रुपाली गांगुली को ही हटाने के बारे में सोच रहे हैं तो?



**लीप के बाद बहुत कुछ बदल रहे मेकर्स**-अनुपमा सीरियल की शुरुआत से लेकर अभी तक रुपाली गांगुली ही अनुपमा का किरदार निभा रही हैं। सोशल मीडिया पर उन्हें मिले जुले रिएक्शन मिलते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ वक्त में उन्हें काफी ज्यादा ट्रोल किया गया है। वजह कभी उनकी एक्टिंग रही तो कभी उनके किरदार द्वारा की गई चीजें। अब रुपाली गांगुली ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर कुछ ऐसा लिख दिया है जिसके बाद सोशल मीडिया पर हलचल मच गई है।

**अनुपमा की इस पोस्ट ने मचा दी हलचल**-रुपाली गांगुली ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं इतनी शालीन हूं कि यह जान पाई कि मुझे रिप्लेस किया जा सकता है। लेकिन मैं इतनी समझदार भी हूं कि मुझ जैसी कोई और दूसरी नहीं है। रुपाली गांगुली का यह लिखना ही इंटरनेट पर उनका नाम ट्रेंड कराने के लिए काफी था। हालांकि यह साफ नहीं है कि उन्होंने यह बात अपने सीरियल के सिलसिले में लिखी है या फिर उनका संदर्भ कुछ और ही था। लेकिन फैंस इसे अनुपमा सीरियल से ही जोड़कर देख रहे हैं।



# क्या आपको भी सर्दियों में ज्यादा आती है नींद?

## जानिए क्या है इसका कारण और सेहत पर असर

सर्दियों के दिनों में कंबल छोड़ना सबसे मुश्किल काम लगता है। पर चिंता न करें, क्योंकि ऐसा महसूस करने वाली आप अकेली नहीं हैं! जानिए इसके कारण और स्वास्थ्य पर प्रभाव।सर्दियों में सुबह सबसे खराब शोर जो सुनाई देता है, वो होता है आपकी अलार्म घड़ी का शोर। हम सुबह जल्दी उठने के लिए अलार्म तो लगाते हैं, पर झुंझलाहट में उसे बंद करके फिर सो जाते हैं।

और शाम को अंधेरा होते ही नींद आने लगती हैं। तब मन में ख्याल आता है कि आखिर कितनी नींद बाकी है और कितना सोना है? अगर सर्दियों में आपकी समस्या यही है, तो चिंता न करें, क्योंकि आप जैसी ही समस्या कई और लोगों की भी है। ज्यादातर लोग सर्दियों में ज्यादा नींद आने की शिकायत करते हैं और चाहकर भी अपना फिटनेस रूटीन पूरा नहीं कर पाते। जानना चाहती हैं कि ऐसा क्यों होता है? चलिए हम आपको बताते हैं कारण कोई भी हो लंबे घंटों तक सोना आपकी सेहत को गलत तरीके से प्रभावित कर सकता है। भले ही रात की नींद सेहत के लिए जरूरी है, लेकिन ओवरस्लीपिंग से मधुमेह, हृदय रोग और खराब सेहत का जोखिम बढ़ सकता है। शोधकर्ता भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि अवसाद और सामाजिक दूरी भी अत्यधिक नींद से जुड़े हैं। जानिए ठंडी में आप ज्यादा देर क्यों सोते हैं और इससे आपकी सेहत को कैसे नुकसान पहुंच सकता है।

**सर्दियों में ज्यादा नींद के लिए ये कारक हो सकते हैं जिम्मेदार**-सर्दियों के दौरान कई मानसिक और शारीरिक परिस्थितियों के कारण आपको अधिक नींद आ सकती है। इनमें से कुछ आम कारण हैं

**1. शरीर में कम धूप लगना**-ठंड के मौसम में दिन छोटे और रातें लंबी होती हैं। यही कारण है कि कम सूर्य की रोशनी आपके सिर्केडियन रिदम को गहरे रूप से प्रभावित करती है। जिससे आपका शरीर अधिक मेलाटोनिन यानी स्लीपिंग हार्मोन का उत्पादन कर सकता है। इसके कारण आप ज्यादा थका हुआ महसूस करने लगती हैं।

**2. कम विटामिन डी**-सूरज की रोशनी विटामिन डी का एक मुख्य स्रोत है। सिर्फ 10 मिनट के लिए सूर्य के संपर्क में रहने से, अधिकांश लोग दिन के लिए पर्याप्त विटामिन डी का उत्पादन कर सकते हैं। लेकिन सर्दियों में उन 10 मिनटों को प्राप्त करना भी मुश्किल होता है। चूंकि विटामिन डी आपके मूड, ऊर्जा स्तर और इम्युनिटी को प्रभावित करता है, यह सर्दियों में ओवरस्लीपिंग का कारण बन सकता है।



## श्री शिरडी साईं मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड व भोजन प्रसादी का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ईटावा भोपजी ग्राम स्थित श्री शिरडी साईं मंदिर में हर वर्ष की भांति दिसम्बर माह के अंतिम रविवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भोजन प्रसादी का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन साई भक्त रामचरण सर्राफ व उनके परिवार द्वारा हर वर्ष किया जाता है । इसकी शुरूआत मंदिर की स्थापना होने के बाद मनोकामना पूर्ण होने पर की गई थी। इसमें मुख्य रूप से बाबा को खींचड़ी-बाटी का भोग लगाया जाता है । साईं मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बाबा की मनमोहक झांकी सजाई । कन्या पूजन कर प्रसादी की शुरुआत की। इस मौके पर जन सेवक दीपेंद्र सिंह चंद्रावत, राजपूत सभा चौमूं अध्यक्ष रविंद्र सिंह ईटावा, जीतू सर्राफ, अरूण, दीपक गोयल, पार्षद कन्हैया लाल गोयल, राजेंद्र अग्रवाल, रमाकांत मोदी, नरेश जिंदल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आवर हैण्ड फॉर हेल्प फाउंडेशन ने जरुरतमंदों को बांटी खुशियाँ

**चौमूं (हमारा वतन)।** आवर हैण्ड फॉर हेल्प फाउंडेशन ने जरुरतमंदों के हित के लिए चौमूं से जयपुर तक अनेक जगहों पर जाकर कार्यक्रम किया। इसमें सभी



जगहों पर संस्था के सभी सदस्यों द्वारा जरुरतमंदों को सर्दी से बचने के लिए कम्बल और फल वितरित किये गये । संस्था अध्यक्ष डॉ.चन्द्र प्रकाश ने कहा कि आवर हेंड फॉर हेल्प फाउंडेशन समय-समय पर जरुरतमंदों के लिए कार्यक्रम करते आया है । इसी कड़ी में संस्था ने जाने वाले वर्ष को विदाई और आने वाले वर्ष का स्वागत जरुरतमंदों को कम्बल और फल वितरण से किया और आने वाले वर्ष में भी इसे ही जरुरतमंदों की सहायता करते रहेंगे। इस दोरान संस्था अध्यक्ष डॉ.चन्द्र प्रकाश, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश, सदस्य रमेश मीणा चीफ पंजाब नेशनल बैंक, संत अमर दास, रमेश मीना, मदन कुमावत, शुभाष चन्द्र मीना, मुकेश कुमार सैनी, सतीश कुमार सैनी, हरिनारायण शर्मा, शंकर लाल यादव, हेमंत, कीर्ति, राहुल, निधि, हिमांशी, नूतन इत्यादि मोजूद रहे ।

(कविता)

## राही थक मत जाना

रात के राही थक मत जाना,
सुबह की मंज़िल दूर नहीं।
चिंता के बिना इस दुनिया में,
कोई होता कभी अधीर नहीं।
कर्म के पथ पर बढ़ने वाले,
मुश्किलों में होते गंभीर नहीं।
कठिनाई देख जो घबरा जाते,
वे कहलाते कभी शूरवीर नहीं।
सीख समझ समर्पण का संदेश,
सुख दुःख का सदा आना जाना।
असफलता संग सफलता चलती,
जीवन का अद्वितीय ताना बाना।
कर्मशील पथ पर चलते रहते,
आखिर मंजिल अपनी पाते हैं।
कठिन परिश्रम के बल जो बढ़ते,
जग में सब गीत उन्हीं के गाते हैं।

**-महेन्द्र सिंह कटारिया,**
**नीमकाथाना, राजस्थान**



**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# ताकि बड़ी संख्या में भारत पढ़ने आएं छात्र

अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया जैसे विकसित देशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए भारतीय उच्च मध्यवर्गीय परिवारों के छात्र बड़ी संख्या में जा रहे हैं। साथ ही, पंजाब, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना के किसानों के बच्चे भी जमीन बेचकर विदेश जा रहे हैं। साल 2019 में सात लाख विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए विदेश गए, वहीं हर साल महज 40,000 विदेशी विद्यार्थियों का भारत आना यह बताता है कि विश्व स्तर पर भारतीय उच्च शिक्षा की छवि ठीक नहीं है।पिछले दिनों रांची में आईआईएम में दोतरफा अंतरराष्ट्रीयकरण विषय पर आयोजित परिचर्चा में विचार-मंथन हुआ था कि भारतीय छात्र विदेश जा तो रहे हैं, पर ऐसा क्या किया जाए कि बाहर से भी छात्र भारत आने लगें?


राम गोपाल सैनी

क्या निकट भविष्य में विदेशी छात्र भी बड़ी संख्या में भारत पढ़ने आएंगे? यह बहुत व्यापक विषय है और इसके अनेक पहलू हैं। वास्तव में, छात्रों को विदेश जाने से नहीं रोका जा सकता। एक समय गांधी, नेहरू, आंबेडकर भी विदेश गए थे, पर वे लौटकर आए और देश की सेवा में खुद को समर्पित कर दिया। आज भी छात्रों को बाहर जाने से रोका नहीं जा सकता, पर स्पाप छोड़कर ऐसे प्रयास तो हो सकते हैं, ताकि कम से कम संख्या में छात्रों को विदेश जाना पड़े, इसके लिए प्राथमिक रूप से शिक्षा बजट बढ़ाने की जरूरत है। शिक्षा के बजट को तीन प्रतिशत से बढ़ाकर तुरंत छह फीसदी करने की जरूरत है। साथ ही, अपने यहां जो स्तरीय उच्च शिक्षण संस्थान हैं, उनको विस्तार व सुधार करने से ज्यादा स्वायत्तता देनी पड़ेगी। अच्छे शिक्षकों को राष्ट्र-निर्माता के रूप में अधिक सम्मान देना पड़ेगा। ऐसे बहुत से उपाय हैं, जो उच्च शिक्षा में सुधार के लिए किए जा सकते हैं।जिनके पास पैसा है, वे तो विदेश पढ़ने अवश्य जाएंगे। उनके जाने पर ज्यादा चिंतित नहीं होना चाहिए। विदेश में वेतन भी ज्यादा मिलता है, तो भारत से जाने वाले अगर वहां कमाकर एक हिस्सा भारत में भेजें, तो यह भी फायदेमंद है। देश में तीन लाख रुपये कमाने से अच्छा है कि विदेश में रहकर तीन करोड़ रुपये कमाए जाएं और उनमें से एक करोड़ रुपये स्वदेश भेज दिए जाएं, इससे भी राष्ट्रीय आय बढ़ेगी।भारतीय युवाओं का उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाना और वहीं पर बस जाना चिंताजनक है।

# कन्या महाविद्यालय में सांस्कृतिक सप्ताह निहारिका हुआ सम्पन्न

चौमूं (हमारा वतन)। मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में सांस्कृतिक सप्ताह निहारिका सांस्कृतिक एवं लोक नृत्यों की अत्यंत मनामोहक एक, युगल एवं सामूहिक प्रस्तुतियों के साथ पूर्णता पर पहुंचा। नृत्य प्रतियोगिताओं में निर्णायक मण्डल में प्रो. कविता गौतम, प्रो. दीपाली जैन, प्रो. मीनाक्षी जैन, प्रो. सुमन ढाका, प्रो. हंसा लूनायच एवं डॉ. सांवर मल जाट ने कर्तव्य निर्वाह किया।



सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. सुमन ढाका ने बताया कि 2 जनवरी को प्राचार्य राजेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं आर्शीवचन के साथ प्रारंभ ''निहारिका'' में आशु भाषण, काव्य पाठ, श्लोक पाठ, निबंध लेखन, नारा लेखन, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, एकल व समूह गायन, विचित्र वेशभूषा, एकाभिनय, मूकाभिनय, एंकाकी, एकल युगल एवं समूह नृत्य की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। जिनमें महाविद्यालय छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

निहारिका कार्यक्रम के समापन के अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. कविता गौतम ने प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की कि निबन्ध प्रतियोगिता में दिव्या शर्मा प्रथम, सोनिया यादव द्वितीय, मेघा खाण्डल तृतीय स्थान पर रही। नारा लेखन में मनीषा यादव प्रथम, रितु यादव द्वितीय, दिव्या शर्मा तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर निमार्ण में शालू योगी प्रथम, कविता लाखीवाल द्वितीय, तनिषा यादव तृतीय स्थान पर रही। आशुभाषण में पूजा सैनी प्रथम, शालू योगी द्वितीय व प्रिया यादव तृतीय स्थान पर रही। काव्य पाठ में पूजा सैनी प्रथम, पिंकी यादव व रीना यादव द्वितीय तथा सुमन यादव तृतीय स्थान पर रही। श्लोक पाठ में दिव्या शर्मा प्रथम, पूजा सैनी द्वितीय व शालू योगी तृतीय स्थान पर रही। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कुशु गुर्जर प्रथम, सुमन यादव द्वितीय व अनिता मीणा तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी में टीम बी प्रथम, टीम ए द्वितीय स्थान पर रही।

सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में एकल गायन में सानिया यादव प्रथम, शिवानी बांकोलिया द्वितीय व खुशबू कुलदीप तृतीय स्थान पर रही। समूह गायन में टीम 03 प्रथम, टीम 02 द्वितीय व टीम 01 तृतीय स्थान पर रही। विचित्र वेशभूषा में अनिता मीणा प्रथम, शालु योगी द्वितीय व कुशु गुर्जर तृतीय स्थान पर रही। मूकाभिनय में शालु योगी टीम प्रथम व अनिता मीणा टीम द्वितीय स्थान पर रही। एकाभिनय में कविता लाखीवाल प्रथम, शालु योगी द्वितीय व अनिषा प्रजापत तृतीय स्थान पर रही। एंकाकी में मेघा खाण्डल टीम प्रथम स्थान पर रही। एकल नृत्य में कविता लाखीवाल प्रथम, तनिषा सैनी द्वितीय व अनिता मीणा एवं पायल शर्मा तृतीय स्थान पर रही। समूह नृत्य में निकिता सैनी टीम प्रथम, कविता लाखीवाल टीम, कुशु गुर्जर टीम, पांयल जांगिड टीम द्वितीय व नेहा प्रजापत टीम तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में तकनीकी सहायक की भूमिका शिव सैनी ने निभायी। समारोह के समापन पर संयोजिका प्रो. सुमन ढाका ने धन्यवाद ज्ञापित किया।मंच संचालन पंकज कुमारी ने किया।

# जाग्रति हॉस्पिटल में उमड़ा रक्तदाताओं का सैलाब



जयपुर (हमारा वतन)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोरीजा रोड चार दुकान स्थित जाग्रति हॉस्पिटल में 17वां विशाल रक्तदान शिविर ग्राम सेवा संस्था के सहयोग से आयोजित किया गया। चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा, फतेहपुरा सरपंच बाबूलाल गुर्जर ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की और उपहार स्वरूप कंबल और पानी की बोतल प्रदान की । जाग्रति हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर हरि वल्लभ सैनी और ग्राम सेवा संस्था के अध्यक्ष बाबूलाल पुजारी ने बताया कि अधिक सर्दी होने के बाद भी रक्तदाताओं का जोश देखने लायक था । ब्लड बैंक की टीम ने कुल 270 यूनिट ब्लड एकत्रित किया ।

इस दौरान डॉक्टर श्रीराम शर्मा , डॉक्टर राजेंद्र शर्मा, किशोर प्रजापत, विमल शर्मा, गोपी धोलीवाले, कमलेश शर्मा, शैतान सैनी, राजू सैनी, सुरेंद्र शर्मा, रामावतार अग्रवाल, उत्तम सैनी, डॉक्टर सीएम सैनी, डॉक्टर सीपी सैनी, मनीष सैनी, डॉक्टर सुनील, डॉक्टर डीपी यादव, हनुमान सहाय सैनी, महेश देव सैनी, मुकेश शर्मा, नरेंद्र सैनी, रतनलाल सैनी, नरोत्तम शर्मा, डॉक्टर विनोद सैनी, बालकिशन बागड़ा आदि लोग मौजूद रहे ।




(कविता)

## संभल जा इंसान

क्यूं रोता है बंदे
यहां तेरा कोई नहीं
नजदीक तो केवल ईश्वर है
देख तो सही तू यहीं कहीं।
सारे रिश्ते निभा लिए तूने
पर रिश्तों ने ही सीखा दिया तुझे।
क्या था इंसान क्या हो गया
सही को गलत और गलत को सही
करने के भ्रम में खो गया।
मोह माया से भरा यह संसार
मत रहना इस उम्मीद में
कि कोई करेगा तेरा इंतजार।
आएगा कोई नहीं तुम्हें उठाने
पर आ जाएंगे सब तुम्हें गिराने।
ना सोच तू सही या गलत है
परमात्मा के यहां तो
सब का हिसाब है।
हाथ थामकर दुनियां तुझे धक्का देगी
मत लगाना इतना लगाव इस दुनिया से
क्यूंकि ये दुनियां धोखा तुझे पक्का देगी
इंसान को ठोकरें तो अनेक लगती हैं
पर समय पर कहाँ समझ आती है
फिर भी मोह माया की
लगन ही भाती है।
मैंने सामने वाले के साथ अच्छा किया
और उसने धोखा दिया
यही रट भजता रह जायेगा
पर जब दुनिया को समझ जायेगा
उस वक्त भगवान ही याद आयेगा।
तू मोह माया छोड़ हरी के भजन गाएगा
सदा के लिए उसका हो जायेगा
संभल जा वरना बाद में पछताएगा।


पूजा गाडिया लोहार, झालावाड़

(कविता)

## गुजरी

हमसे हम.. कम ही गुजरे
गुजर-गुजर के रातें गुजरी
सीख न पाए खुद को पढना
अंक में कई जमातें गुजरी
अंतस से अधर तक शब्द न आए
लगने लगे ते अतः पराए
साफ था मन पर कह ना पाए
खुद में ही खुद सब बातें गुजरी
हमसे हम.. कम ही गुजरे
गुजर-गुजर के रातें गुजरी
सीख न पाए खुद को पढना
अंक में कई जमातें गुजरी
प्रश्न अटल था मेरा मुझसे
तूँ हो गया भला तेरा कबसे
मैं हूँ मेरा..बड़ी देर से समझा
समझाने में ये कई रातें गुजरी
हमसे हम.. कम ही गुजरे
गुजर-गुजर के रातें गुजरी
सीख न पाए खुद को पढना
अंक में कई जमातें गुजरी
प्रेम पीपासा था अंतर्मन
अतः सूखा था तन का कण-कण
मेरे सूखे मन को छोड़कर
बरसती हुई बरसातें गुजरी
हमसे हम.. कम ही गुजरे
गुजर-गुजर के रातें गुजरी
सीख न पाए खुद को पढना
अंक में कई जमातें गुजरी


सिद्धार्थ गोरखपुरी

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा